तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 19 नवंबर 2025

10 सीपीआई कोण्डागांव ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर...


10 महिलाओं को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ...




## चोंडीमेटावाड़ा में उपकेन्द्र बनने से 22 गांव के 7500 उपभोक्ताओं को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर जिले के चोंडीमेटावाड़ा उपकेंद्र बनने से 22 गांवों के 7500 उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली बंद होने और लो-वोल्टेज की समस्या से छुटकारा मिला। क्षेत्र में लो-वॉल्टेज की समस्या बनी रहती थी। साथ ही लाइन ब्रेकडाउन होने की स्थिति में उसके मरम्मत कार्य में अत्यधिक समय लगता था, पर अब इस स्थिति नहीं होगी। बिजली की सुविधा से स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा और उन्हें नए आर्थिक अवसर मिलेंगे। लोहंडीगुड़ा के सहायक

### बार-बार बिजली बंद होने व लो-वोल्टेज की समस्या से मिला छुटकारा

#### समस्याओं से मिली निजात

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम ने बताया कि इस उपकेन्द्र से अब गांवों में बार-बार बिजली बंद और लो-समस्या से छुटकारा मिल गया है। उन्होंने बताया कि बिजली बंद होने से ग्रामीणों के साथ-साथ पढ़ाई कर रहे बच्चों को परेशानी होती थी।



#### डीई, एई, जेई को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक टीके मेश्राम ने बताया कि इस उपकेन्द्र से 22 गांवों को राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के डीई, एई, जेई को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की शिकायत पर शीघ्र ही निराकरण करें।



अभियंता राजेन्द्र नेताम ने बताया कि इस उपकेन्द्र से टांडपाल, तहकपाल, गुमियापाल, साकरगांव, राजसरगीपाल, सालेपाल, चोंडीमेटावाड़ा, छापरभानपुरी, तोतर, छिंदबहार, घाटसरगीपाल, देंवरगांव, पोटानार, करंजी, कोहकापाल, सोनारपाल, सिंगनपुर, तारागांव आदि गांव के सात हजार पांच सौ उपभोक्ताओं को राहत मिली।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक कल्याण संघ ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन



**बकावंड।** प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के महासचिव डेन्शनाथ पाण्डे के मार्गदर्शन और आशानिधी आनंद ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में 1998-99 से कार्यरत शिक्षक एलबी संवर्ग के समस्याओं के समाधान हेतु विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव से चर्चा कर शीघ्र समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। सेवा पुस्तिका का सत्यापन, अर्जित अवकाश त्रुटि सुधार, शैक्षणिक योग्यता अंकित किया जाना, ओपीएस, एनपीएस का पास बुक संधारण किए जाने, अवकाश पोर्टल अपडेशन कार्य किए जाने एवं अन्य विषयों पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी से अपनी मांग रखी।

### हड़ताली कर्मचारियों पर एस्मा लगाया जाना तानाशाही : मौर्य

**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि



सहकारी समितियों के हड़ताली कर्मचारियों पर प्रदेश सरकार द्वारा एस्मा लगाए जाने का कड़ा विरोध किया है। जारी विज्ञप्ति में बताया कि उन्होंने कहा सरकार अब अपने तानाशाही रवैया पर आ चुकी है। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों की मांग सुनने के बजाए उल्टा उन्हीं पर एस्मा जैसी बड़ी कार्रवाई कर रही है जो कि सरकार की झूठे वादों एवं कुत्सित तानाशाही का प्रत्यक्ष प्रमाण है। अगर सरकार जल्द से जल्द धान खरीदी का कार्य शुरू नहीं करती है तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी।

### 93 राशन दुकानों में अब तक नहीं पहुंचा राशन




**बकावंड।** खाद्य संचालक ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों के लिए आदेश जारी किया है की 10 नवंबर तक सभी शासकीय राशन दुकानों में राशन बंट जाना चाहिए। लेकिन विकासखंड बकावंड के 93 राशन दुकान हैं जो संचालकों की हड़ताल में जाने की वजह से सभी दुकान बंद है। अब तक चावल, शक्कर, चना इत्यादि राशन ग्रामीणों को नहीं मिला है। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें परेशानी का सामना पड़ रहा है।

**समस्या : प्रशिक्षण के अभाव में नए ऑपरेटरों से बढ़ी दिक्कतें**

## धान खरीदी व्यवस्था लड़खड़ाई, टोकन नहीं कटने से नाराज किसान लौट गए


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य सरकार ने 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का शुभारंभ किया है। किंतु लेम्प्स प्रबंधक और ऑपरेटरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते खरीदी व्यवस्था पहले ही दिन चरमराती नजर आई।

- लेम्प्स प्रबंधक व ऑपरेटर हड़ताल पर

सरकार द्वारा धान खरीदी की जिम्मेदारी कृषि साख सहकारी समितियों को दी गई है, लेकिन हड़ताल के कारण केंद्रों पर कामकाज ठप हो गया है। ऐसे में जिला प्रशासन ने आनन-फानन में वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक, पटवारी और कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर व्यवस्था चलाने की कोशिश की है।

प्रशासन की त्वरित व्यवस्था के चलते खरीदी केंद्रों में कार्यरत नए ऑपरेटरों को किसी प्रकार का प्रशिक्षण उपलब्ध नहीं कराया गया। इसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। कई केंद्रों में पहुंचे किसानों का टोकन नहीं कट पा रहा,जिससे उन्हें अपना उपज वापस लेकर लौटना पड़ रहा है। आज आदिम जाति सेवा




सहकारी समिति बस्तर के धान खरीदी केंद्र में भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिली। टोकन कटवाने पहुंचे किसान बिशेश्वर यादव, हुसैन खान, फगनू, वीरसिंह, लक्ष्मण बघेल को नया ऑपरेटर प्रक्रिया समझ न पाने की वजह से घंटों इंतजार करना पड़ा। इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप भी किसानों के साथ पहुंचे,



जहां केंद्र में तैनात अधिकारी सहयोग के लिए तैयार तो थे,लेकिन प्रशिक्षित स्टाफ न होने से टोकन कट नहीं सका। किसानों ने कहा कि वे पिछले एक माह से अधिक समय से अपनी विभिन्न मांगों को उठाते आ रहे हैं,लेकिन खरीदी व्यवस्था में सुधार की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे।

#### धान खरीदी केंद्रों में प्रशिक्षणहीन स्टाफ

*धान खरीदी केंद्रों में प्रशिक्षणहीन स्टाफ के कारण पहले ही दिन अव्यवस्था फैली। टोकन न कटने से किसान बरसों की मेहनत लेकर लौटने को मजबूर। अधिकारियों की तैनाती के बावजूद प्रशिक्षित ऑपरेटर न होने से खरीदी प्रभावित। हड़ताल के समाधान और व्यवस्था सुधार की मांग किसानों में तेज।*

#### समस्या को दुरुस्त किया जाएगा

ऑपरेटरों एवं खरीदी प्रभारियों को दो दिन का प्रशिक्षण दिया गया था, खरीदी में दिक्कतें आती है तो उसका शार्ट-आउट किया जाएगा। जिला स्तर सर्वे टीम को एक्टिव किया गया, जो ऐसे केंद्रों में पहुंच खरीदी कार्य से जुड़े लोगों की समस्या दूर की जा रही है।

**हरिस एस,** कलेक्टर बस्तर

## कमिश्नर ने धान खरीदी केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने मंगलवार को बस्तर जिले के अंतर्गत जगदलपुर एवं तोकापाल विकासखंड के पल्ली और करंजी धान खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। किसानों को टोकन प्रदाय सहित तौल की व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता,पेयजल एवं शौचालय इत्यादि की व्यवस्था का संज्ञान लिया और किसानों से धान खरीदी हेतु सभी आवश्यक सुविधा मुहैया करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने धान बेचने आये किसानों से भी रूबरू होकर धान खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। इस मौके पर पल्ली धान खरीदी केन्द्र में अवगत कराया गया कि यहां पर अब तक 39 किसानों द्वारा 496 क्विंटल धान विक्रय किए जाने टोकन कटवाया गया है। यहां पर मंगलवार को तीन किसानों ने धान बेचने के लिए टोकन कटवाया था। जिसमें से एक किसान ने 54 क्विंटल 40 किलोग्राम धान विक्रय किया। इस धान खरीदी केन्द्र में पर्याप्त बारदाने सहित इलेक्ट्रॉनिक तौल की व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता, ड्रेनेज की व्यवस्था उपलब्ध है। कमिश्नर ने करंजी धान खरीदी केन्द्र का भी निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। धान विक्रय करने वाले किसानों को सभी सहूलियत उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इन दोनों धान खरीदी केन्द्रों पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा सहकारी समिति के नवीन कैडर कर्मचारियों को धान खरीदी की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही धान खरीदी की नियमित मॉनिटरिंग के लिए राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

गीदम पुलिस ने नगर के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान ब्रेथ एनालाइज़र से कई वाहनों की जांच की गई।

थाना प्रभारी विजय पटेल के नेतृत्व में जांच के दौरान बुलेरो क्रमांक सीजी 18 जे 3585 के चालक गणेश्वर यादव पिता खूबचंद यादव 27 वर्ष निवासी कारली को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा आरोपी चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184, 185 एवं 190(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष



प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा वाहन चालक पर 14 हजार का अर्थदंड लगाया तथा ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया




प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन एवं एसडीओपी गोविंद दीवान के मार्गदर्शन में थाना गीदम पुलिस द्वारा लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं।

## करीतगांव में हुआ राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव बकावंड राष्ट्र सेवा योजना इकाई ग्राम उलनार का सोमवार को तृतीय दिवस का आरंभ प्रभात फेरी में युवा गीत गाया गया। उसके बाद योग एवं पीटी अभ्यास कर सभी अपने प्रयोजना कार्य करने के उपरांत अपने अपने दल के साथ चयन स्थल पर गए और दिए गए प्रयोजना कार्यों को पूर्ण किया। दोपहर को बौद्धिक परिचर्चा में विशेष वक्तव्य सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार यादव, तीरथ राम फेकर एवं ललिता यादव द्वारा एनएसएस वालंटियर्स को साइबर अपराध एवं नशा का दुष्प्रभाव से बचाव एवं बाल अपराध से बचाव के बारे में बताया एवं वालंटियर्स के जिज्ञासाओं को शांत किया। उसके बाद ग्राम संपर्क




के माध्यम से सभी वालंटियर्स ने ग्रामवासियों को नशा के दुष्प्रभावों को बताया और उनसे कथन लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के जनपद पंचायत सदस्य निर्मला कश्यप, सरपंच मधुसूदन नेताम, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव की प्राचार्य मोनिता पानिग्राही, लोकेश निषाद ,करिश्मा पानिग्राही, श्रद्धा ठाकुर एवं समस्त एनएसएस वॉलिंटियर्स शामिल रहे।

**मेहनत, लगन और सपनों की उड़ान, मिश्रा की सफलता से झूम उठा बस्तर**

## जगदलपुर का लाल देश की सेवा में, अंकुर बने इसरो में वैज्ञानिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के वृंदावन कॉलोनी के प्रतिभाशाली युवा अंकुर मिश्रा ने वह मुकाम हासिल कर लिया है, जिसका सपना करोड़ों बच्चे देखते हैं। भारत के

- बस्तर की धरती ने फिर रचा इतिहास शहर के युवा ने हासिल किया राष्ट्रगौरव का मुकाम

अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो में वैज्ञानिक के रूप में चयन हुआ है। अहमदाबाद स्थित केंद्र में उनकी नियुक्ति ने न केवल परिवार,बल्कि पूरे बस्तर को गर्व से भर दिया है। अंकुर ने अपनी 12वीं तक की शिक्षा केंद्रीय विद्यालय जगदलपुर से प्राप्त की। मैथ्स और बायो दोनों विषयों में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने मेरिट में 12वीं उत्तीर्ण की।

#### बस्तर के युवाओं के लिए प्रेरणा

*अंकुर की सफलता यह सिद्ध करती है कि प्रतिभा किसी शहर या संसाधन की मोहताज नहीं होती। जगदलपुर से इसरो तक का सफर यह दिखाता है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मन में आग हो, तो दुनिया की कोई शक्ति रोक नहीं सकती।*

इसके पश्चात उन्होंने जेईई एडवांस में सफलता अर्जित कर देश के प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस टेक्नोलॉजी आईआईएसटी त्रिवेंद्रम में प्रवेश लिया। यहां से उन्होंने भौतिक में मास्टर ऑफ साइंस की उपाधि प्राप्त की। उनकी प्रतिभा को देखते हुए इसरो में उन्हें वैज्ञानिक पद के लिए चयनित किया गया। उनके बड़े भाई अंकित मिश्रा भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट पद पर सेवाएं दे रहे हैं। दो बेटों का देश सेवा में समर्पण यह मिश्रा परिवार के लिए अमूल्य गौरव का क्षण है।






#### माता-पिता ने कहा कि जीवन की सबसे बड़ी खुशी का दिन

पिता विपिन मिश्रा कहते हैं आज हमारे लिए जीवन की सबसे बड़ी खुशी का दिन है। हमने हमेशा बच्चों को बस इतना सिखाया कि मेहनत ईश्वर है। जब हमें पता चला कि अंकुर का चयन इसरो में हुआ है, तो लगा जैसे हमारी तपस्या सफल हो गई। जगदलपुर जैसे छोटे शहर से निकलकर देश के अंतरिक्ष अभियानों का हिस्सा बनना यह हमारे लिए सपना सच होने जैसा है। हमारा बेटा अब सिर्फ हमारा नहीं, पूरे बस्तर का बेटा है। माता प्रियदर्शिनी मिश्रा भावुक होकर कहती हैं "अंकुर बचपन से ही तारों को निहारा करता था। आज वह उन्हीं तारों को समझने और देश की विज्ञान यात्रा में योगदान देने जा रहा है एक मां के लिए इससे बड़ा सौभाग्य क्या होगा? बस्तर की हर मां के बेटे को यह संदेश है कि सपने चाहे कितने बड़े हों, मेहनत उन्हें सच कर देती है।"

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### जिले में सड़क विकास को मिली रफ्तार



**नारायणपुर।** लोक निर्माण विभाग नारायणपुर के अन्तर्गत गढ़बेंगाल से धौड़ाई तक गिट्टी डब्लूएमएम से पैच का कार्य प्रगति पर है। नवम्बर माह के अंत तक गढ़बेंगाल से धौड़ाई तथा पल्ली छोटेडोंगर से ओरछा मार्ग लंबाई 19 किमी का निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर सीमेंट कांक्रीट मार्ग का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। वर्तमान में पल्ली छोटेडोंगर-ओरछा मार्ग 12 किमी का सी.सी. मार्ग के चौड़ीकरण कार्य प्रगति पर है। वर्षा ऋतु उपरान्त कार्य में तेजी लाकर शीघ्र कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

### हीरा नेताम बने कोंडागांव किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

**कोण्डागांव/केशकाल।** कोंडागांव जिले में किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद पर हीरालाल हीरा नेताम को नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वे बड़ेराजपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, लिहागांव के सरपंच, और सरपंच संघ बड़ेराजपुर ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। पिछले कार्यकाल में वे जिला पंचायत सदस्य भी रह चुके हैं और लगातार क्षेत्रीय विकास में योगदान दे रहे हैं। हीरा नेताम की नियुक्ति के बाद क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया एवं फोन कॉल के माध्यम से उन्हें बधाई दी और नई जिम्मेदारी पर उत्साह व्यक्त किया। नई जिम्मेदारी मिलने पर हीरा नेताम ने जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, पूर्व विधायक संत नेताम, पूर्व केबिनेट मंत्री मोहन मरकाम, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, और अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा सहित सभी शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया। हीरा नेताम ने कहा मैं लगातार पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रहा हूँ। पार्टी ने जिला किसानों की आवाज बनने का अवसर दिया है। पार्टी के विचारों को जन–जन तक पहुँचाते हुए किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाने की दिशा में कार्य करूंगा।



# सीपीआई कोण्डागांव ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया सीपीआई जिला परिषद कोण्डागांव ने आज आदिवासियों, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में एक दिवसीय धरना–प्रदर्शन कर पांच महत्वपूर्ण मांगों वाला ज्ञापन तहसीलदार कोण्डागांव को सौंपा। यह आंदोलन सीपीआई राष्ट्रीय परिषद के आह्वान पर देशभर में एक साथ आयोजित किया गया। सीपीआई द्वारा बताया गया कि 18 नवम्बर को पूरे देश के जिला मुख्यालयों में समान रूप से धरना–प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कोण्डागांव जिला मुख्यालय में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर विरोध दर्ज किया और न्याय की मांग उठाई।

## आदिवासियों, दलितों और महिलाओं पर अत्याचार के खिलाफ खोला मोर्चा

### स्थानीय प्रशासन पर लापरवाही के आरोप

पार्टी ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि कई अधिकारी पीड़ितों की सहायता करने के बजाय अत्याचार करने वालों का साथ देते दिखाई दे रहे हैं। इससे संविधान में प्रदत्त समानता और सामाजिक न्याय की व्यवस्था कमजोर हो रही है।



### सीपीआई की 5 प्रमुख मांगें

आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक एवं महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर तत्काल रोक लगाई जाए। सभी दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई न करने वाले सरकारी सेवकों पर भी कठोर दंडात्मक कार्रवाई हो। समाज के कमजोर वर्गों को न्याय, सुरक्षा और सम्मान की गारंटी दी जाए। संविधान में निहित समानता, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। सीपीआई ने चेतावनी दी कि यदि शासन–प्रशासन ने मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो जिला परिषद कोण्डागांव व्यापक जनांदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी सरकार एवं प्रशासन पर होगी।

*__वैधानिक सुरक्षा या सहायता नहीं मिल रही:__ सीपीआई ने कहा कि बस्तर संभाग के कोण्डागांव सहित देशभर में आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक एवं महिलाएँ शारीरिक, मानसिक, आर्थिक तथा संपत्ति से जुड़े अपराधों का लगातार शिकार हो रही हैं। पीड़ितों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर पार्टी ने बताया कि कई मामलों में संबंधित विभागों को अवगत कराने के बावजूद पीड़ितों को उचित वैधानिक सुरक्षा या सहायता नहीं मिल रही।*

*__ये रहे उपस्थित:__ ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से राज्य सचिव मंडल सदस्य तिलक, जिला सचिव शैलेश, सह सचिव दिनेश, जयप्रकाश, तथा बिसम्बर, सरादु, मुकेश, पतिराम, रामकुमार, रामचंद, सोमारु, घसियाराम, यशोदा, सुखबती, बुधियारीन, मानबती, दीपेश आदि सहित जिलेभर से आए पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

## बैठक: कलेक्टर ने योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की

# महिलाओं को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों और निर्माण गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को निर्धारित समय–सीमा में डिजिटलाइजेशन कार्य को गति देने को कहा। उन्होंने बीएलओ को वालेंटियर के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्था की प्रगति की समीक्षा की और सभी आवश्यक सुविधाएँ दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। वहीं प्रधानमंत्री पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर जोर दिया। उन्होंने बैंकों में लंबित ऋण प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए।

■ **नशामुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर दिलाई गई शपथ**

### क्रियान्वयन की समीक्षा की

कलेक्टर ने दीदी ई–रिक्शा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए श्रम विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक जरूरतमंद महिलाओं को लाभान्वित किया जाए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और अन्य शासकीय योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक के अंत में नशामुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ मनाई गई। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने सभी अधिकारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इसी क्रम में जिले के स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में भी नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

### इनकी रही मौजूदगी

बैठक में अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, सभी एसडीएम और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्कॉर्पियो और टीपर में भिड़ंत एक का हाथ टूटा, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

नेशनल हाईवे 30 में मंगलवार को दोपहर लगभग ढाई बजे हुए भीषण सड़क हादसे में 6 लोग घायल हो गए हैं। यह हादसा फ़रसगांव नगर के अस्पताल चौक में हुआ। जानकारी के अनुसार आमागुहान निवासी अंकालू नेताम पिता मानसिंह नेताम उम्र 50 वर्ष , लखन नेताम उम्र 48 , मंगल राम नेताम उम्र 58, दशरू नेताम उम्र 70 , पीलू राम नेताम उम्र 45, रघु राम नेताम उम्र 52, मुकेश नेताम उम्र 35 , बुधराम और सुनील मंण्डावी के साथ स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 27 एस 3762 से जगदलपुर कोर्ट गए थे। जगदलपुर से वापस घर आने के दौरान फरसगांव नगर के अस्पताल चौक मे टिप्पर वाहन क्रमांक सीजी 19 बी वाय 1075 को ओवरटेक करते समयटकरा कर स्कॉर्पियो रोड के बीच में स्थित डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी तरफ चला गया। हादसे में स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वही डिवाइडर में स्थित एक स्ट्रीट लाइट का पोल भी टूट गया। हादसे के बाद मौके पर जाम की स्थिति बन गई। फरसगांव पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया व वाहनों को साइड कर जाम को खुलवाया गया। इस हादसे में स्कॉर्पियो में सवार अंकालु नेताम का हाथ टूट गया व अन्य साथी लखन नेताम, मंगल राम नेताम , दशरू नेताम,पीलूराम नेताम , रघु राम नेताम को हल्की चोट आई। और चालक सहित अन्य दो को कुछ नहीं हुआ. अंकालू को बेहतर उपचार हेतु रिफर किया गया बाकी घायलों को छुट्टी दे दी गई।



### बड़ा हादसा टला, स्कॉर्पियो जहां गिरी वहां लगती थी दुकान

- स्कॉर्पियो वाहन टिप्पर से टकराकर डिवाइडर को ठोकते हुए उसे पार कर रोड किनारे चली गई। स्कॉर्पियो वाहन जिस जगह पर गया , उसी जगह पर प्रतिदिन एक व्यापारी दुकान लगाता था। गनीमत कि वह हादसे के दिन दुकान नहीं लगाया था, जिसके चलते एक बड़ी दुर्घटना टल गई । अगर उसे जगह पर व्यापारी दुकान लगाया होता तो कहीं ना कहीं आज एक बड़ी दुर्घटना घट सकती थी।

### अव्यवस्थित पार्किंग हादसों को रोज दे रहे न्योता

फरसगांव नगर में एनएच 30 के किनारे फुटपाथ पर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग गंभीर हादसों का कारण बन रही है। कुछ ठेलों और छोटी दुकानों के साथ ही हाईवे पर वाहन खड़ा करना प्रतिबंधित होने के बावजूद प्रशासन द्वारा सड़क किनारे लगी व्यावसायिक दुकानों के संचालकों को किसी प्रकार की कोई समझाइस या निर्देश भी नहीं दिया जा रहा है। जिससे गाड़िया सड़क पर खड़ी कर दी जाती है और न ही वाहनों को हटाने या कार्रवाई करने की कोई पहल की जा रही है।

# जिले में धान खरीदी ने पकड़ी रफ्तार किसानों के चेहरों पर छलकी खुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

प्रदेशभर में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी का काम तेजी से चल रहा है।

ग्राम पंचायत गिरोला के किसान भोमराज दीवान ने अपनी 4 एकड़ 16 डिसमिल जमीन से उपजे 56 क्विंटल धान की बिक्री की। उन्होंने केंद्र पर पेयजल, सटीक तौलिया और टोकन सिस्टम की व्यवस्था की सराहना की। श्री दीवान ने कहा, इस बार कोई परेशानी नहीं है, सब कुछ बहुत अच्छे से चल रहा है। गिरोला उपार्जन केंद्र के प्रबंधक रमेश कुमार नेताम ने बताया कि मंगलवार को 7 किसानों के टोकन काटे गए और कुल 362.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई।

### पारदर्शी और सुविधाजनक व्यवस्था से किसान गदगद

किसानों का कहना है कि इस वर्ष धान खरीदी व्यवस्था पहले से कहीं अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और किसान हितैषी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में समय पर की गई तैयारियों से किसानों को उचित मूल्य और बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। जिले भर में धान खरीदी का कार्य अब पूरी रफ्तार पकड़ चुका है और ग्रामीण अंचल में उत्साह का माहौल है।

# प्रभारी सचिव ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव



जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने मंगलवार को कोंडागांव जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया और धान बेचने पहुंचे किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। तैयारी और प्रगति से अवगत कराया कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिले में धान खरीदी की तैयारियों, प्रगति और व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्रभारी सचिव को दी।

प्रभारी सचिव ने बारदाना उपलब्धता, डनेज व्यवस्था, टोकन वितरण, ऑपरेटर एवं इंटरनेट सुविधा जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने धान के बोरों का तौल कर वजन की जांच की और शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आर्द्रतामापी यंत्र से धान की आर्द्रता की जांच की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मानक आर्द्रता स्तर पर ही खरीदी की जाए।

**किसानों की सुविधा पर विशेष जोर** –प्रभारी सचिव ने सभी केंद्रों में किसानों के लिए पेयजल, प्रतीक्षा व्यवस्था, सटीक व समयबद्ध टोकन प्रणाली सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए, ताकि धान खरीदी सुचारू एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित हो सके।

**ये रहे उपस्थित**–इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अश्वन पुसाम, अजय उरांव, खाद्य अधिकारी नवीन चंद्र श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### फरसगांव में धान खरीदी केंद्र में भी पहुंचे

**फरसगांव।** जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने जिले के धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और धान बेचने आए किसानों से भी संवाद किया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिले में धान खरीदी की तैयारी और प्रगति से अवगत कराया। प्रभारी सचिव भीम सिंह ने मंगलवार को जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करते हुए खरीदी की व्यवस्था, बारदाना की उपलब्धता, डनेज व्यवस्था और टोकन व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने धान के बोरी को तौल कराकर वजन की जांच की और शासन द्वारा निर्धारित वजन अनुसार खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आर्द्रतामापी यंत्र से धान की आर्द्रता को भी देखा।



# सभी नोडल अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर




जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने की। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने तथा जिले में निर्माणाधीन एवं अधूरे भवनों को माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर ममगाईं ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने विशेष रूप से निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति पर तेज गति से काम करने पर जोर दिया, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुँच सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखते हुए, नियमित रूप से स्थल निरीक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने नियद नेल्लानार क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चल रहे कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने स्कूल विभाग के अधीन निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वाली निर्माण एजेंसियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक ढांचे से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है। बैठक में उन्होंने धान विक्रय हेतु कृषक पंजीयन का सत्यापन समय पर करवाने पर भी जोर दिया। इसके साथ ही कलेक्टर ने विभिन्न विभागों से सरकार को प्रेषित किए जाने वाले महत्वपूर्ण प्रतिवेदनों और आंकड़ों की समीक्षा की। इनमें वामपंथी उग्रवादी हिंसा में मृत व घायल नागरिकों का विवरण, आश्रम छात्रावासों के निरीक्षण प्रतिवेदन, शालाओं में शिक्षकों की उपस्थिति, पेंशन, जीपीएफ, ग्रेच्यूटी एवं एरियर प्रकरणों का समाधान, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत एलपीजी गैस कनेक्शन वितरण, आधार नामांकन एवं अद्यतन सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु अतिरिक्त आधार ऑपरेटरों की तैनाती, पीडब्ल्यूडी द्वारा संचालित सड़कों के निर्माण कार्यों की प्रगति शामिल थे।

### कई मामलों पर हुई विशेष चर्चा

बैठक में सीएसआर परियोजनाओं, आश्रम छात्रावासों के निरीक्षण तथा जाति, निवास, आय और जन्म प्रमाणपत्र वितरण की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई। कलेक्टर ममगाईं ने मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण कार्य, राशन व आधार कार्ड से संबंधित समस्याओं, अनुकंपा नियुक्ति, ग्राम पंचायत झारावाही में मूलभूत सुविधा, राशन कार्ड, फसल बीमा में अनियमितताओं तथा भूमि रजिस्ट्री विवादों के मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुविधाओं और बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों में समयबद्ध समाधान अनिवार्य है। बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड ई-केवाईसी, खाद्यान्न भंडारण, उचित मूल्य दुकान भवन निर्माण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड तथा सहकार से समृद्धि योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग अपने लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करें और जनता को योजनाओं का लाभ सुचारु रूप से मिल सके, यह सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, डॉ. सुमित गर्ग, डिप्टी कलेक्टर डीके कोशले, सुनिल कुमार सोनपिपरे, सहायक आयुक्त डॉ. राजेन्द्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल, सीएमएचओ डॉ. टीआर कुंवर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने कई प्रकरणों में दिए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, विद्युत कनेक्शन तथा आवेदकों के राशन कार्ड से संबंधित प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि इन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सांसद एवं विधायक निधि से संचालित निर्माण कार्यों में तेजी लाने के भी स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब जनहित के विपरीत है, इसलिए सभी एजेंसियां निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करें। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत वन पट्टाधारी एवं पी.व्ही.टी.जी.कृषकों की पात्रता जांच की स्थिति पर चर्चा की गई। साथ ही गोधन न्याय योजना के अंतर्गत पैरा परिवहन व्यय की समीक्षा भी की गई, जिसमें आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। जिले में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने पर विशेष बल देते हुए कलेक्टर ममगाईं ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा जनहित से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

# जनजातीय गौरव दिवस: गोंड, हल्बी, भतरी संस्कृति से गूंजा गुण्डाधूर कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोण्डागांव में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास विषयक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षण–सहकर्मी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद कोण्डागांव के अध्यक्ष नरपति पटेल, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में कुलवंत चहल, सखाराम कोर्राम, प्रदीप नाग, और स्रोत वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता रामनाथ कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने की।

### दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ

अतिथियों एवं प्राचार्य द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। जनजातीय समाज संस्कृति और इतिहास का आधार प्रस्तावना कार्यक्रम की संयोजक एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. किरण नुरुटी ने विषय प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कहा कि बस्तर का जनजातीय समाज भारत की सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने आदिवासी परंपराओं, लोक संस्कृतियों, देवस्थानोवों, सामाजिक संगठन एवं ज्ञान परंपराओं का विस्तृत उल्लेख किया।

### महाविद्यालय सांस्कृतिक व शैक्षणिक समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध : डॉ. सरला आत्रम

कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. आत्रम ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को समाज की जड़ों से जोड़ते हैं और विविधताओं के प्रति सम्मान की भावना पैदा करते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों, संयोजकों और विद्यार्थियों को बधाई दी



### छात्र–छात्रओं की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बस्तर की जनजातीय संस्कृति पर आधारित नृत्य, वाद्य–ताल एवं पारंपरिक परिधानों की झांकी प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रकृति–सम्मत जीवन शैली दुनिया के लिए उदाहरण जसकेतु उसेण्डी विशिष्ट अतिथि जसकेतु उसेण्डी ने कहा कि आदिवासी समाज सदियों से प्रकृति के अनुरूप जीवन जीने का अनुकरणीय उदाहरण रहा है। उन्होंने युवाओं को जनजातीय इतिहास का अध्ययन कर इसकी विशिष्टता राष्ट्रभर में स्थापित करने की प्रेरणा दी।

### आदिवासी समाज संघर्ष और सम्मान का प्रतीक : नरपति पटेल

मुख्य अतिथि नरपति पटेल ने कहा कि बस्तर की जनजातीय परंपराएँ साहस, आत्मनिर्भरता और सामूहिकता की मिसाल हैं। उन्होंने महाविद्यालय में ऐसे आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि इससे युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति गर्व व जागरूकता बढ़ती है।

### स्रोत वक्ता रामनाथ कश्यप का प्रेरक व्याख्यान

सामाजिक कार्यकर्ता रामनाथ कश्यप ने व्याख्यान में कहा कि बस्तर के जनजातीय समुदायों ने प्रकृति, संस्कृति और समाज के संतुलन का जो मॉडल विकसित किया है, वह विश्व के लिए प्रेरणा है। उन्होंने खेल, कला, कृषि, चिकित्सा, वन–संरक्षण और सामुदायिक न्याय व्यवस्था जैसी आदिवासी विशेषताओं का विस्तृत उल्लेख किया तथा युवाओं को आधुनिक शिक्षा व तकनीक के माध्यम से सशक्त होने का संदेश दिया। मंच संचालन व आभार प्रदर्शन सह–संयोजक डॉ. पुरोहित कुमार सोरी ने आभार व्यक्त किया। सहायक प्राध्यापक नसीर अहमद ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण शशिभूषण कन्नौजे, शोभाराम यादव, रूपा सोरी, विनय कुमार देवांगन, नेहा बंजारे, अर्जुन सिंह नेताम, समलेश पोटाई, लोचन सिंह वर्मा सहित महाविद्यालय के कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 356 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना, सांसद ने दिखाई हरी झंडी



**जगदलपुर।** धार्मिक आस्था और सरकारी संकल्प का अद्भुत संगम बस्तर के टाऊन हॉल में तब देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 356 वरिष्ठ नागरिकों का जत्था दक्षिण भारत के पवित्र धामों के लिए रवाना हुआ। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित इस योजना ने जिले के इन बुजुर्गों के लिए तिरुपति, मदुरै और रामेश्वरम की वर्षों पुरानी कामना को पूरा करने का मार्ग प्रशस्त किया है। यात्रा की शुरुआत सोमवार को टाऊन हॉल परिसर से हुई। यहां उत्साह और भक्तिपूर्ण माहौल में सांसद महेश कश्यप और महापौर संजय पाण्डेय ने बसों को हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्रियों को विदाई दी। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की उप संचालक सुचिता मिंज भी उपस्थित थीं। सोमवार को ये सभी 356 श्रद्धालु बसों के माध्यम से रायपुर के लिए रवाना हुए, जहां विश्राम के बाद उनकी वास्तविक आध्यात्मिक यात्रा का चरण शुरू हुआ। मंगलवार दोपहर को, यह पूरा दल रायपुर से विशेष रेलगाड़ी द्वारा अपनी बहुप्रतीक्षित तीर्थयात्रा पर निकल पड़ा। तिरुपति के भगवान बालाजी, मदुरै की देवी मीनाक्षी और रामेश्वरम के भगवान रामनाथस्वामी के दर्शन की अभिलाषा लिए, यात्रियों के चेहरे पर खुशी और संतोष का भाव स्पष्ट नजर आ रहा था। बस्तर से शुरू हुई यह यात्रा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि छत्तीसगढ़ शासन की कल्याणकारी योजनाओं की सफलता को भी दर्शाती है।

### जीएसटी रिटर्न फाइलिंग में देरी पर ई-बिल पर रोक

**जगदलपुर।** सरकारी खजाने से वेतन और अन्य भुगतान जारी करने वाले समस्त आहरण और संवितरण अधिकारियों के लिए वित्त विभाग ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। अब आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा ई-बिल की तैयारी की प्रक्रिया को सीधे तौर पर उनकी जीएसटी टीडीएस रिटर्न जीएसटीआर-7 की समय पर फाइलिंग से लिंक कर दिया गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी अनिल कुमार पाठक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अब यह सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा कि आहरण एवं संवितरण अधिकारी हर महीने की 10 तारीख तक पिछले महीने की अपनी जीएसटीआर-7 रिटर्न अनिवार्य रूप से फाइल कर दें।

# देश-विदेश से लौटे सीनियर छात्र, परिसर में गूंजी पुरानी दोस्ती की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शासकीय जगतु माहरा बस्तर हाई स्कूल के शताब्दी वर्ष समारोह में विद्यालय के पूर्व छात्र एवं सूरजपुर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रशांत कुमार ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि "यह विद्यालय केवल शिक्षा स्थल नहीं, मेरी जीवन-यात्रा का आधार है। यहां से मिले अनुशासन और मूल्यों ने मुझे हर कदम पर दिशा दी है।

कार्यक्रम में पूर्व छात्र, वर्तमान विद्यार्थी, शिक्षक,अभिभावक और सम्मानित नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, विद्यालय की उपलब्धियों के प्रदर्शन और अनुभव-साझा सत्रों ने समारोह को यादगार बना दिया।

**बस्तर हाई स्कूल का शताब्दी समारोह में वर्षो से बिछड़े सीनियर छात्रों का मिलन**





विद्यालय के पूर्व छात्र एवं एमआईसी सदस्य संग्राम सिंह राणा भी इस गरिमामयी आयोजन में उपस्थित रहकर विद्यालय को अपनी शुभकामनाएं दी।

समारोह में तमिलनाडु के चेन्नई,महाराष्ट्र के नागपुर-पुणे, जम्मू कश्मीर के लद्दाख, मध्यप्रदेश के भोपाल से लेकर अमेरिका, डेनमार्क और सऊदी अरब तक रहने वाले पूर्व छात्र भी विद्यालय की पुकार पर बस्तर पहुंचे। सबसे प्रेरक दृश्य तब देखने मिला जब चेन्नई से टीएन राव अपने पुत्र और पुत्रवधु के साथ सड़क मार्ग से हजारों किलोमीटर की यात्रा कर केवल अपने साथियों से मिलने आ पहुंचे। पुरानी स्कूली दोस्ती की वही खुली-बेफिक्र आवाजें पूरे प्रांगण में गूंज उठीं। अतीत से वर्तमान तक की इस यात्रा ने बस्तर हाई स्कूल की शिक्षा,संस्कृति और अनुशासन की अनूठी परंपरा को फिर एक बार जीवंत कर दिया।

## बैठक में बस्तर ओलंपिक से लेकर जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

# खेल मैदान, स्वास्थ्य सुविधाएं समेत सभी जरूरी संसाधनों को दुरुस्त रखें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस. ने मंगलवार को समय-सीमा बैठक में बस्तर ओलंपिक का जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 22 और 23 नवम्बर को करने की तैयारियों की समीक्षा की। इसके लिए खेल मैदान, आवासीय व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं, एम्बुलेंस, हेल्थ टीम सहित सभी आवश्यक संसाधनों को दुरुस्त रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

- एसडीएम केंद्र के प्रबंधकों से संवाद कर धान खरीदी कार्य को गति दें : हरिस



कलेक्टर ने धान खरीदी के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि एसडीएम केंद्र के प्रबंधकों से संवाद कर धान खरीदी कार्य को गति दें। खरीदी केंद्रों में ऑपरेटरों की व्यवस्था, तकनीकी दिक्कतों के समाधान, हमालों की व्यवस्था, साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने कहा। जिला स्तर से खरीदी केंद्रों के लिए नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो केंद्रों की व्यवस्था में आवश्यक सहयोग करेंगे। बैठक में उज्ज्वला योजना के आवेदन, ई-केवाईसी, राशन सामग्री वितरण, राशन हेतु डीडी राशि जमा करने पर चर्चा हुई। इसके अलावा एनसीईआर रिपोर्ट में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, जनधन खाता और स्कूल गणवेश रिवेरिफिकेशन की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में नामांतरण रिकॉर्ड सुधारने, एग्रीस्टैक प्रगति बढ़ाने, किसान क्रेडिट कार्ड के लंबित प्रकरणों के निराकरण और गौशाला क्रियान्वयन पर चर्चा की।पशु मोबाइल यूनिट के संचालन में लापरवाही बरतने वाले मैदानी कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए पीएम श्री विद्यालय योजना, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना की प्रगति का संज्ञान लिया गया। उन्होंने जाति प्रमाणपत्र निर्माण के लक्ष्य के आधार पर शिक्षा विभाग व राजस्व विभाग को समन्वय कर कार्य करने कहा। आपार आईडी और जाति प्रमाणपत्र निर्माण में लापरवाही पर तोकापाल बीआरसी पर नाराजगी जाहिर की।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सी पी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।

## मांझी चालकी से लेकर पुजारियों व रथ निर्माताओं का गौरव बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर दशहरा महापर्व से जुड़े परंपरागत उत्तरदायित्व निभाने वाले मांझी, चालकी, सेवादार, मेम्बरीन, पुजारियों, मुंडा बाजा वादक एवं रथ निर्माण सदस्यों के लिए मानदेय राशि स्वीकृत हो गई है। यह उपलब्धि प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के सार्थक प्रयासों का प्रतिफल है।

- विधायक देव के प्रयासों से मानदेय राशि स्वीकृत
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व मंत्री राजेश अग्रवाल का माना आभार

मांझी-चालकी और अन्य परंपरागत सेवक वर्गों ने हाल ही में विधायक किरण देव से भेंट कर वर्ष 2025–2026 के लिए मानदेय आवंटन की मांग रखी थी। इस विषय को अत्यंत संवेदनशीलता और तत्परता से लेते हुए उन्होंने तुरंत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल को पत्र लिखकर और उनसे मुलाकात कर पूरे मामले पर विस्तृत चर्चा की। उनके अनुरोध पर त्वरित संज्ञान लेते हुए राज्य शासन ने बस्तर दशहरा की परंपरागत सेवाओं से जुड़े विभिन्न वर्गों के लिए मानदेय राशि स्वीकृत की। इनमें काछनदेवी,रैला देवी,गुरू माय,मुंडा बाजा वादक, पूजा संवाहक, जोगी बिठाई रस्म और रथ निर्माण सदस्यों के लिए 1,99,500 रुपए,मांझी व चालकी के लिए 22,20,000 रुपए,मेम्बरीन के लिए 1,80,600 रुपए,पुजारी व सेवादारों हेतु 9,40,800 रुपए शामिल हैं।



विधायक ने कहा मानदेय का स्वीकृत होना परंपरा, सम्मान और सांस्कृतिक गरिमा की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने मुख्यमंत्री व मंत्री के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

## 28वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद स्पर्धा में वन वृत्त का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

28वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता 12 से 16 नवंबरतक उत्तराखण्ड राज्य की राजधानी देहरादून में आयोजित किया गया। इसमें देश के विभिन्न राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों से लगभग 2750 प्रतिभागियों से भाग लिया। प्रतियोगिता के अंक तालिका में छत्तीसगढ़ राज्य ने 74 स्वर्ण, 34 रजत, 42 कॉस्य पदकों को मिलाकर 150 मेडल और 578 अंकों के साथ देश में प्रथम स्थान पर प्राप्त किया। इस प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य ने लगातार 13 वीं बार ओवरऑल चैंपियनशिप ट्राफी अपने नाम किया है। वहीं केरल राज्य 31 स्वर्ण लेकर द्वितीय स्थान तथा कर्नाटक राज्य 25 स्वर्ण पदक प्राप्त कर तीसरा स्थान पर संतोष करना पड़ा।





प्रतियोगिता में मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर वृत्त के मार्गदर्शन में जगदलपुर वृत्त के विभिन्न वन मण्डलों से 24 अधिकारी, कर्मचारी खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं वृत्त के खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न खेल स्पर्धाओं में 16 स्वर्ण, 10 रजत, 4 कॉस्य पदकों को मिलाकर 30 मेडलों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य को 122 अंकों महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ एथलीट महिला ओपन खिलाड़ी कु. थोटा संर्कीतना, वनरक्षक बस्तर वनमण्डल द्वारा 5 स्वर्ण पदक प्राप्त कर गोल्डन गर्ल का खिताब अपने नाम किया तथा कु. तारणिका तेता वनरक्षक महिला एथलीट द्वारा अपने अथक प्रयास से 3 स्वर्ण एवं एक रजत पदक अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर द्वारा लॉन टेनिस में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर एक स्वर्ण पदक प्राप्त कर जगदलपुर वृत्त का नाम रोशन किया। जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक एवं वृत्त के सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सभी पदक विजेता खिलाड़ियों हर्ष व्यक्त किया।

## केरल पुलिस व आरकेएम नारायणपुर विजयी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

नगर के सिटी ग्राउंड में अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता का रोमांच चल रहा है। इस प्रतियोगिता में 18 नवंबर को खेले गए दो शानदार मुकाबलों के साथ नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया। दिन के पहले मैच में केरल पुलिस ने अपने दमदार खेल से बक्सर बिहार को 4-0 से मात दी। मैच की शुरूआत से ही केरल ने आक्रामक रुख अपनाया, सैलेश ने मैच के 6 वें मिनट पर, बब्बली ने 7 वें मिनट और 45 वें मिनट पर गोल दागा। वहीं कन्नई ने मैच के 28 वें मिनट पर शानदार गोल कर टीम को विजयी बढ़त दिलाई। मैच के दौरान बक्सर बिहार के खिलाड़ी आकाश और केरल पुलिस के अखिल को पीला कार्ड मिला। इसके बाद खेले गए दूसरे मैच में आरकेएम नारायणपुर ने वेस्ट बंगाल को एकतरफा मुकाबले में 4-0 से हराया। नारायणपुर की ओर से अखिलेश ने 24 वें मिनट पर, आदित्य 25 वें मिनट पर, मनोज लेकाम 41 वें मिनट पर और मनीष 43 वें मिनट पर लगातार गोल कर विपक्षी रक्षा पंक्ति को तोड़ दिया। वेस्ट बंगाल के सुमन को पहले पीला कार्ड और फिर दूसरा पीला मिलने पर लाल कार्ड दिखाया गया, जिससे टीम और दबाव में आ गई।

- अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता में खेले गए दो मैच



## राष्ट्रीय एकता शिविर में बविवि की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

हरियाणा के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराते हुए बस्तर की सांस्कृतिक गरिमा को नई ऊंचाई दी।

इस ऐतिहासिक शिविर में प्रतिनिधित्व हेतु कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलसचिव डॉ. राजेश लालवानी, राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ नीता बाजपेई तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ सजीवन कुमार के मार्गदर्शन व सहयोग के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया। प्रथम दिवस शुभारंभ हवन,पंजीयन एवं भव्य स्वागत समारोह से हुआ, जहां कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विद्यार्थियों को ऐतिहासिक धरा 'धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र' से परिचित कराया। दूसरे दिवस बौद्धिक परिचर्चा में लेफ्टिनेंट वीरेंद्र पाल ने राष्ट्रीय एकता शिविर के सांस्कृतिक विविधता से परिचय कराने वाले महत्व को रेखांकित किया। तीसरे दिवस ध्यान-योग सत्र और शाम को बस्तर की सांस्कृतिक झलक दिखाती छात्रों की प्रस्तुति ने समूचे सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया। चतुर्थ दिवस बस्तर के लिए विशेष गौरव का रहा—वैभव चौधरी ने संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया।



## राष्ट्रीय सहकारी नीति सहकार से समृद्धि का रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रदेशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बस्तर जिला सहकारी संघ मर्यादित के अध्यक्ष वेदांत दीक्षित के मार्गदर्शन में आयोजित इसी श्रृंखला के तहत 17 नवंबर को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा छिंदगढ़ में राष्ट्रीय सहकारी नीति इकोसिस्टम एवं भारत के सहकारी क्षेत्र का संरचित रोडमैप विषय पर विशेष सभा हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनोज कुमार दूधी, प्राधिकृत अधिकारी,आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित छिंदगढ़ उपस्थित रहे। विषय विशेषज्ञ विवेक पांडे, जिला सहकारी शिक्षा प्रशिक्षक ने विस्तृत उद्बोधन में बताया कि गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सहकारिता मंत्रालय ने वर्ष 2022 में 48 सदस्यीय समिति का गठन कर नई राष्ट्रीय सहकारी नीति बनाने की प्रक्रिया शुरू की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि तथा 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को मूर्त रूप देने हेतु राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025 तैयार की गई है। इस नीति का लक्ष्य एक सक्षम कानूनी,आर्थिक एवं संस्थागत ढांचा विकसित कर सहकारी आंदोलन को अधिक प्रभावी बनाना है।

- सहकारी सप्ताह का चौथा दिवस छिंदगढ़ में विमर्श



मुख्य अतिथि मनोज कुमार दूधी ने कहा कि सहकारी समितियों की सफलता,कुशल प्रबंधन व बदलती परिस्थितियों के अनुकूल कार्यप्रणाली अपनाने पर निर्भर करती है। उन्होंने व्यवसायिक क्षमता बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन मितेश पाणिग्रही, प्रशिक्षक राज्य सहकारी संघ ने किया तथा अंत में आभार प्रबंधक चंद किशोर द्विवेदी ने व्यक्त किया।

# गजेंद्र बने फेडरेशन बस्तर के जिला संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जो राज्य के 120 कर्मचारी संगठनों का संयुक्त मंच है के बस्तर जिले का प्रतिष्ठित जिला संयोजक पद आज नए नेतृत्व को मिल गया।

पशु चिकित्सा विभाग कार्यालय टाउन हॉल के सामने शाम 4 बजे आयोजित चुनाव में मुखर कर्मचारी नेता गजेंद्र श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से जिला संयोजक चुना गया।

चुनाव अधिकारी कैलाश चौहान प्रदेश अध्यक्ष, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ व चुनाव प्रभारी टार्जन गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष, स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ) की उपस्थिति में प्रक्रिया संपन्न हुई।

बैठक में उपस्थित लगभग 18 संगठनों के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने अपने-अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व जिला संयोजक आरडी तिवारी 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो चुके हैं, ऐसे में संगठन को कार्यकुशल, सक्रिय और संघर्षशील नेतृत्व की आवश्यकता थी। इसी आधार पर गजेंद्र श्रीवास्तव के नाम का प्रस्ताव रखते हुए टार्जन गुप्ता ने कहा कि उनकी कार्य क्षमता और सक्रियता फेडरेशन को नई दिशा देगी। चुनाव अधिकारी चौहान ने सर्वसम्मति से हुए चयन की आधिकारिक घोषणा की। फेडरेशन के 18 प्रमुख कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से समर्थन देकर श्रीवास्तव को यह जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में विभिन्न संघों के अध्यक्षों ने उनके अनुभव और संघर्षशील छवि की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में जिले के कर्मचारी हित सुरक्षित रहेंगे।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व जिला संयोजक आरडी तिवारी, आनंद कश्यप, देवदास कश्यप, देवराज खूंटे, राकेश दुबे, शिव भंडारी, अनिल गुप्ता, मनोज कुमार, नारायण सिंह मौर्य, डॉ अखिलेश त्रिपाठी, मोतीलाल वर्मा, तुलादास मानिकपुरी, उदय किशोर पांडे, उमेश मेश्राम, पीजी राव, हरीश देवांगन, जोगेंद्र कश्यप, गणेश्वर नायक, धर्मराज चौधरी,देवेंद्र धृतलहरे, मुकेश तिवारी, नीलम मिश्रा, आशा दान, परवीन महतो, भावना दीक्षित सहित उपस्थित थे।

## कविता के आत्मसंघर्ष की स्पष्ट झलक मुक्तिबोध में

**जगदलपुर।** प्रखर राजनीतिक चेतना संपन्न कवि और लेखक, समीक्षक गजानन माधव मुक्तिबोध पर केंद्रित विचार गोष्ठी का आयोजन प्रगतिशील लेखक संघ द्वारा लाला जगदलपुरी केन्द्रीय पुस्तकालय परिसर स्थित ज़िला ग्रंथालय में किया गया। समाजशास्त्र के पूर्व प्राध्यापक अली एम सैयद ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए जगदीश चंद्र दास ने मुक्तिबोध को बीसवीं सदी के श्रेष्ठतम रचनाकारों में से एक कहा, जिन्होंने समाज में व्याप्त आर्थिक असमानता से उपजे शोषण,अन्याय और विसंगतियों की स्पष्ट पहचान अपनी रचनाओं में की है। वरिष्ठ साहित्यकार मदन आचार्य ने मुक्तिबोध के गद्य रचनाओं पर केंद्रित आलेख का पाठ करते हुए कहा कि मुक्तिबोध की कविताओं का विस्तार उनके गद्य में है। एक साहित्यिक की डायरी, सृजन के तीन क्षणों का उल्लेख भी उन्होंने किया। हिन्दी के प्राध्यापक योगेन्द्र मोतीवाला ने अपने विस्तृत वक्तव्य में मुक्तिबोध को मनुष्य की बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध रचनाकार कहा। उनकी रचनाओं में बिम्बों, प्रतीकों की बहुलता है। कविता के आत्मसंघर्ष की स्पष्ट झलक मुक्तिबोध में है। हिमांशु शेखर झा ने मुक्तिबोध की रचनाओं में निहित मनुष्य के अस्तित्व के संघर्ष को इंगित किया। कथाकार उर्मिला आचार्य ने मुक्तिबोध की कहानियां खलील काका और वह कहानियों पर विस्तार से अपनी बात रखी।



